प्रैस विज्ञप्ति

आज दिनांक 3 मई 2014 को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत एक दिन की कार्यशाला उच्च शिक्षा निदेशालय के हाल में हुई और इसमें प्रदेश के 22 महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवम् प्राध्याकों ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारम्भ डॉ. अमर देव, राज्य परियोजना निदेशक (रूसा) ने किया और रूसा के महत्व को विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया तथा सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवम् प्राध्यापकों के योगदान को भी उन्होने खूब सराहा जिससे कि इस अभियान को चलाने में मद्द मिली है। उन्होने अभियान के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को Research Innovation and Quality Imporvement Component पर विस्तृत चर्चा के लिए आमंत्रित किया तथा इस मद पर उनके सुझाव मांगे।

डॉ. गोपाल कृष्ण संघाईक, समन्वयक (रूसा) ने Research Innovation and Quality Imporvement मद की वर्तमान स्थिति और भविष्य की जरूरतों के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किए।

कार्यशाला में रूसा के अंर्तगत Research Innovation and Quality Imporvement मद पर व्यापक चर्चा की गई जिन पर बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए जिन्हें आवश्यकतानुसार स्टेट हायर एजुकेशन प्लान में सम्मिलित किया जाएगा। कार्यशाला को सफल बनाने में श्री एम. एस. नेगी, सॅयुक्त निदेशक (महा.) तथा श्रीमती मन्जूशा पठानिया तथा श्रीमती सरोज चौहान विशेष कार्यकारी अधिकारी (महा) ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा अपने बहुमूल्य विचार भी प्रकट किये। अंततः श्रीमती मन्जूशा पठानिया द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर कार्यशाला का समापन किया गया।

(डॉ. अमर देव)
परियोजना निदेशक (रूसा) –एवम्–
सॅयुक्त निदेशक (महा.)
हिमाचल प्रदेश।

स्थानः शिमला–1
दिनॉक : 3 मई 2014